Website : www.news12bharat.com

न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात

संस्करण : धनबाद | गुरुवार 18 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

# देश का सबसे बड़ा जमीन माफिया है लालू परिवार : प्रभाकर मिश्र

▶ भाजपा ने तेजस्वी से पूछे पांच सवाल

(न्यूज12 भारत)

गया ।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद प्रमुख पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि लालू परिवार देश का सबसे बड़ा जमीन माफिया है। मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि डिलाइट मार्केटिंग, एके इन्फोसिस्टम और फेयर ग्रो होल्डिंग प्रा लि. की तर्ज पर ही एक और शेल कंपनी एबी एक्सपोर्ट्स प्रालि है जिसकी शेयर होल्डिंग, डायरेक्टरशिप करोड़ों की संपत्ति सहित पूरी कंपनी पर लालू परिवार का कब्जा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सबसे पॉश इलाके में जमीन खरीदने के लिए वर्ष 2007- 08 में मुंबई के पाँच बड़े ज्वेलर्स, सोने के व्यापारियों ने एबी एक्सपोर्ट्स को 1 करोड़ प्रति व्यापारी कुल 5 करोड़ रुपए का कर्ज बिना ब्याज के दिया था।

इसी राशि से दिल्ली के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित प्लॉट की ख़रीदगी दिखायी गयी है। श्री मिश्र ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पांच सवाल पूछे। पूछा कि तेजस्वी यादव ने आयकर अधिकारियों को पूछताछ में बताया था कि सोने एवं डायमंड की जिन पांच कंपनियों ने 5 करोड़ व्याज-मुक्त ऋण के रूप में दिए, उनको वह नहीं जानते हैं। फिर उन कंपनियों के चेक पर उपमुख्यमंत्री रहते उन्होंने कैसे हस्ताक्षर किये ?



**बिहार की जनता लालू परिवार से इन सवालों का जवाब चाहती है**

श्री मिश्र ने पूछा कि आखिर मुंबई के ज्वेलर्स एवं डायमंड व्यापारियों ने बिना ब्याज के 5 करोड़ रुपयों का कर्जा एबी एक्सपोर्ट्स को क्यों दिया ? भाजपा प्रवक्ता ने तेजस्वी से पूछा कि एबी एक्सपोर्ट्स वर्ष 2007-08 में दिल्ली की पॉश कॉलोनी डी-1008 न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की मकान सहित 155 करोड़ रुपए की संपत्ति लालू परिवार को सौंपने के लिए क्यों खरीदी ? लालू के होनहार पुत्र बताएं कि 55 करोड़ रुपए की कीमतवाली इस जमीन पर चार मंजिला मकान जिसकी वर्तमान में निर्माण लागत 100 करोड़ रुपए के करीब होगी के लिए राशि कहां से आई ? आखिर एबी एक्सपोर्ट्स ने अपने सारे शेयर सहित 155 करोड़ रुपए की जमीन और चार मंजिला मकान लालू परिवार और तेजस्वी यादव को क्यों सौंप दिया ? मिश्र ने कहा कि बिहार की जनता लालू परिवार से इन सवालों का जवाब चाहती है। लालू परिवार को इन सवालों का जवाब देना ही होगा। भ्रष्टाचार और माफियागिरी की दलदल में डूबे लालू परिवार को बिहार की जनता सबक सिखाने को तैयार है।

## एक नजर

### अतिपिछड़ा वर्ग के 45 प्रतिशत मतदाता एनडीए समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में गोलबंद



(न्यूज12 भारत)

गया।अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि जीत का प्रतिशत बढ़ाने में अतिपिछड़ा वर्गों की इसबार महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। श्री कुमार ने कहा कि जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण के दायरा बढा है। 6 हजार से कम मासिक आय बाले परिवार को मुख्यमंत्री लघु उधमी योजना के तहत दो लाख की आर्थिक सहायता दी जा रही है। कुमार ने बताया कि नीतीश सरकार के कल्याणकारी व विकासात्मक कार्यो के चलते अतिपिछड़ा वर्गों में जागरुकता आई है। 19 अप्रैल को सुबह से ही लम्बी कतारों में अतिपिछड़ा वर्गों की उपस्थिति अपने अपने बूथों पर दिखाई देगी। कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संदेश जन जन तक पहुँच गयी है, इस बार जीत का प्रतिशत अधिक होगी।

### ज्ञान मोक्ष नगरी मे डा शालनी ने किया प्रधानमंत्री का अभिनन्दन

(न्यूज12 भारत)



गया।ज्ञान मोक्ष की नगरी गया जी के पावन धरती पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश पूर्व कार्यकारी सदस्य सह गया जिला पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा डा शालनी के द्वारा हाथ जोड़कर अभिवादन किया गया है।इस अवसर पर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जके द्वारा गया जी के ऐतिहासिक रैली का सफलता पर बधाई एवं शुभकामना दी है।डा शालनी ने कहा मोदी है तो मुमकिन है अबकी बार 400 पार कर देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ लेंगे।

### चार विधानसभा पार्टी मिलान एव पुलिस टैग निरक्षण जिलाधिकारी ने किया



(न्यूज12 भारत)

गया।गया कॉलेज में बनाये गए बेला, वजीरगंज, सदर, गुरुआ विधानसभा वार पोलिंग बूथ के लिये बनाये गए पार्टी का पार्टी मिलान एव पुलिस टैग आदि का निरीक्षण किया गया है।

### रामनवमी को लेकर मंदीरों में हुआ ध्वजारोहण कई जगह निकले अखाड़े



(न्यूज12 भारत)

बेंगाबाद :- प्रखंड के सभी बजरंगबली मंदीरों में लोगो ने विधि विधान से साथ ध्वजारोहण किया । जगह जगह अखाड़े भी निकले गये । जय श्री राम के जयकारों से माहोल भक्तिमय बना रहा । शांति ब्यवस्था को लेकर बेंगाबाद प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखे । त्यौहारों को शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए बेंगाबाद पुलिस की टीम पूरे प्रखण्ड का निरंतर भ्रमण किया । इसी क्रम में बेंगाबाद पुलिस इंस्पेटर ममता कुमारी , थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह , बीडीओ निशा कुमारी अंचलाधिकारी ने प्रखंड के अन्य पंचायतों के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों से शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने की अपील की। हालांकि पूजा के दिन माहोल शांति पूर्ण रहा ।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा राम भक्तो को सेवा शिविर का आयोजन किया गया

गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा आज रामनवमी पर्व पर केदारनाथ मार्केट के पास रामनवमी जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ,जिसमें चना, गुड़,शरबत,फल, पेयजल उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा,राणा रंजीत सिंह,सुनील बम्बई, राजु भईया,गोपाल यादव,राकेश कुमार कोला, हिरा यादव, श्रवण कुमार, रवि प्रसाद, अजीत कुमार, सुजित कुमार, मंटू रजक,महेश यादव, अभिषेक कुमार,बबलू गुप्ता,मुन्ना यादव, विक्की वर्णवाल, महिला प्रमुख सारिका वर्मा, इंदु प्रजापत, सोनम देवी, संजु देवी, पूजा सिंह, शर्मिला देवी, खुशबू देवी, निशु कुमारी, ने सेवा शिविर में सेवा कार्य किया हू।प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं राणा रंजीत सिंह द्वारा सेव में लगे लोगों को सम्मानित किया गया है।




## रामनवमी के अवसर पर निकल गया आकर्षक झांकी

(न्यूज12 भारत)

सरिया( गिरिडीह) रामनवमी अवसर पर सरिया वी सरिया के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी पूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा झांकी व जुलूस निकाले गए सरिया नगर पंचायत अंतर्गत श्रीराम अखाड़ा चंद्रमारनी के द्वारा एक आकर्षक झांकी निकाला गया जो आकर्षण का केंद्र बिंदु था । इस झांकी में भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता, रावण तथा ऋषि मुनि के भेष के अलावे बंदर ,भालू, शेर एवं राक्षस के शक्ल में बनाए गए थे। ग्रामीणों के द्वारा जगह-जगह पर लाठी डंडे , तलवार, भाले, गंडासा से करतब दिखा रहे थे तथा डीजे के भक्ति गीतों में झूमते नजर आए। पूरा जुलूस महावीर झंडा से पडा हुआ था तथा जोर-जोर से जय श्री राम, जय हनुमान जैसे नारे लगाए जा रहे थे। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सक्रिय थे।



## श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी की प्रस्तुत की गई झांकी

(न्यूज12 भारत)

गया।श्री आदर्श लीला समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर कोलकाता से आये रामलीला के कलाकारों द्वारा गया नगर के गोल पत्थर स्थित एक मंच बनाकर झांकी का प्रदर्शन किया गया है। इस झांकी में मुख्य रुप से राम-दरबार, राधा-कृष्ण तथा मां काली के आदर्शों की प्रस्तुति की गई। जिससे लोगों को अपने जीवन में फलीभूत हो, सदा सत्य के मार्ग पर चलने तथा परोपकार की भावना सभी को रखने का संदेश दिया गया है। पिछले 5 वर्षों से श्री आदर्श लीला समिति रामनवमी के दिन इस झांकी का आयोजन किया जा रहा है।




इस मौके पर श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा इस समिति का 1969 में गठन किया गया था। उस समय से लगातार दशहरा के मौके पर 9 दिनों तक वाराणसी, इलाहाबाद तथा स्थानीय कलाकारों के द्वारा शहर के आजाद पार्क स्थित मंच पर रामलीला की प्रस्तुति की जाती है, जो नगर में आकर्षण का केंद्र बना रहता है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि दशहरा के दिन हर क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी समिति के द्वारा सम्मानित किया जाता है। सिन्हा ने आगे बताया कि पिछले पांच वर्षों से रामनवमी के मौके पर भी झांकी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे गया नगर पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के महासचिव नवीन गुप्ता, बीरेंद्र राय, प्रह्लाद गुप्ता, रोहित कुमार, राज वैद्य, अनिल बरणवाल, ज्ञान कुमार प्रमुख रहे जबकि इस कार्यक्रम में नगर के मानिन्द लोगों ने भी अपनी भूमिका यथा संभव निभाया है।

## महिलाओं की आवाज बनूंगी : अनुपमा

**धनबाद आगमन पर कांग्रेस प्रत्याशी का अनुपमा सिंह का जोरदार स्वागत**

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:महिलाओं की आवाज बनकर उनकी सेवा करूंगी। यह कहना है धनबाद संसदीय सीट से कांग्रेस की मौजूदा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का। धनबाद से टिकट मिलने के बाद वह पहली बार धनबाद पहुंची और किसान चौक पर अपने स्वागत के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा की पिता से लेकर अपने ससुराल में भी मजदूरों के हित की आवाज सुनने का ही मौका मिला। अनुपमा सिंह पूर्व कांग्रेस नेता सह इंटक के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राजेंद्र सिंह की पुत्रवधू है। उनके पति अनूप सिंह झारखंड के बेरमो से कांग्रेस के विधायक है।अनुपमा ने कहा कि भाजपा की धनबाद प्रत्याशी को देखते हुए कांग्रेस ने बहुत सोच समझकर मुझे यह सीट दी है। जिसका पूरा सम्मान करूंगी तथा यह सीट जीत करके दिखाऊंगी।उन्होंने कहा कि अब धनबाद कोयलांचल में महिलाओं का शोषण पूरी तरह से बंद होगा तथा आपराधिक छवि से लोगों को निजात दिलाऊंगी। उन्होंने भाजपा पर व्यंग्य करते हुए कहा कि 10 वर्षों तक देश में राज करने वाली भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली के बारे में क्या बताऊं महंगाई आसमान पर है। न्याय के नाम पर हर तरफ बस अन्याय ही अन्याय है। महिला का सम्मान दिलाना तथा जनहित में तटस्थ रहना उनकी मुख्य कार्य शैली होगी, कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के धनबाद आगमन पर धनबाद में उनकी जोरदार स्वागत पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। कोलियरी क्षेत्र से काफी संख्या में मजदूर उनके आगमन स्थल पर मौजूद देखी गई।



## रॉयल युनिसेक्स फेयर एंड ब्यूटी सैलून का उद्घाटन मंत्री द्वारा किया गया ,40% आफर



(न्यूज12 भारत)

गया। पुरुष एवं महिलाओं के लिए अच्छे सैलून गया मे रॉयल सेक्स फेयर एंड ब्यूटी सैलून का उद्घाटन डॉक्टर प्रेम कुमार के हाथों हुआ है ।तान्या शर्मा ने मंत्री का भव्य स्वागत किया गया है।जिनकी प्रोपराइटर मधु शर्मा ने बताया कि पुरुष के लिए हेयर कट,हेयर का सभी तरह जो पुरुष का ब्लिच,फेशीयल के अलावा पुरुष को एक छत के निचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।वही महिलाओं के लिए फेशीयल,हेयर कट,हाथ और पैर की वैक्सीग, मेनीक्योर, पेडीक्योर,ब्लीच थ्रेडिंग, और स्पेशल बोडी वैक्सी,बौडी ब्लिच,ब्राइडल मेकअप,लाइट मेकअप,पाट्री मेकअप,इंगजेमेंट मेकअप,हेयर स्टेटनीग, हाइ लाइटस केरटीन,हेयर स्पा आदी

## जब एक संसदीय क्षेत्र से चुने जाते थे दो-दो सांसद

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : इस समय देश में चुनाव का माहौल है 19 अप्रैल को पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा यह चुनाव सात चरणों में संपन्न होने हैं उधर तमाम सियासी दलों ने अपने अधिकतर प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके है पार्टियां अपने प्रत्याशियो के चुनाव प्रचार मे जुट गई है|

हर पार्टियां पर अपने उम्मीदवार को जीतने के लिए पार्टियां जोर आजमाइश कर रही है चुनावी गहमागहमी के बीच कम ही लोगों को पता होगा कि पहले दो चुनाव में कुछ सीटों पर दो-दो सांसद चुने गए थे इस व्यवस्था को 1961 में कानून के जरिए खत्म किया गया था आईए जानते हैं कि यह कौन सी व्यवस्था थी जिसके तहत एक संसदीय क्षेत्र से दो-दो सांसद चुने जाते थे यह नियम क्या था बाद में यह व्यवस्था को क्यों खत्म की गई 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद मार्च 1950 में सुकुमार सेन देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे कुछ ही दिनों बाद संसद ने जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 पारित किया जिसमें बताया गया था कि संसद और विधानसभा का चुनाव कैसे होगा पहले लोकसभा चुनाव में 489 सीटों पर चुनाव होना था ये सीटे 401 निर्वाचन क्षेत्रो मे वांटी गई थी|



जब देश मे पहला आम चुनाव 1951.52 मे हुआ था तो 489 सीटों मे से 314 निर्वाचन क्षेत्र में एक सांसद का चुनाव किया गया हालांकि 86 सीट ऐसी भी रही जहां दो-दो सांसद चुने गए थे इनमें से एक सामान्य श्रेणी से और एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से चुने गए थे 1951 में सबसे अधिक दो सांसदों वाली सीट उत्तर प्रदेश से 17 थी इसके बाद मद्रास से 13 बिहार से 11 बॉम्बे से 8 मध्यप्रदेश और पं बंगाल से 6.6 सीटे थी वही पश्चिम बंगाल से एक ऐसी भी सीट थी जहां से तीन-तीन सांसद चुने गए जिस व्यवस्था के तहत एक सीट से दो सांसद या तीन सांसद चुने गए उसे समाज के वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व देने के लिए बनाया गया था|

देश में दूसरे लोकसभा चुनाव 1957 में हुआ था इसके पहले राज्यों का पुनर्गठन हुआ था 1957 में लोकसभा सीटों की संख्या 494 थी ये सीटे 401 निर्वाचन क्षेत्रो मे वांटी गई थी इस वार 91 सीट ऐसी थी जहां से दो दो सांसद चुने जाने थे दो सीटे एंग्लो इंडियन के लिए आरक्षित थी वर्तमान मे मोदी सरकार ने एंग्लो इंडियन का आरक्षण को खत्म कर दिया है|

राम नवमी : कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने मंदिरों में पूजा अर्चना की : ज्योति कलश व कन्या भोज में हुए शामिल : कहा

# ' देवी का स्वरूप हैं बेटियां ... इनकी सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य नहीं ...

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : आज राम नवमी के अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने आज मंदिरों में जाकर भगवान श्री राम की आरती अभिषेक और पूजा अर्चना की। राजेंद्र सीताराम मन्दिर गांधी चौक पर दर्शन करने पहुँचे, जहां मंदिर के आचार्य जनों ने उन्हें तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद उन्होंने शिवनाथ नदी तट पर श्री राम दरबार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होकर श्री राम जी का अभिषेक, पूजन व आरती की।





राजेन्द्र साहू ने शिवनाथ नदी के पास श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कहा कि सनातन धर्म में ईश्वर के कई अवतारों का वर्णन है, लेकिन श्रीराम ही ऐसे थे जिन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम की संज्ञा मिली। उनके जीवन से हर व्यक्ति को कई सारी सीखें मिलती हैं। श्रीराम के चरित्र को आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मानदंड माना जाता है जो बहुत विस्तृत है और जिससे मनुष्य के महापाप भी नष्ट हो जाते हैं। श्रीराम का जीवन एक सीख नहीं, बल्कि सीखों का खजाना है| गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्मनीति, राजनीति, कूटनीति, अर्थनीति, सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, परोपकार, शौर्य, दान आदि मूल्यों का सुंदर आदर्श हमें उनके जीवन से सीखने को मिलता है।

चैत्र नवरात्र पर्व नवमी के पावन अवसर पर राजेंद्र साहू ने शक्ति स्वरूपा कन्याओं को भोजन कराकर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेटियां देवी का स्वरूप हैं, इनकी सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य नहीं। राजेंद्र साहू ने प्राण प्रतिष्ठा में यजमान राहुल शर्मा, प्रज्ञा शर्मा, संजय साहू, उजाला साहू, मुकेश गुप्ता, अनीता गुप्ता, भरत सिन्हा, शांति सिन्हा, मनोज गुप्ता, मधु गुप्ता को आयोजन की सफलता की बधाई दी और सदैव धार्मिक आयोजन करते रहने की बात कही।

आयोजन में दिलीप गुप्ता अध्यक्ष श्याम सुंदर खंडेलवाल श्याम चंद्राकर मुकेश गुप्ता नरेंद्र राठी रमेश गुप्ता, मिलाप चंद ओसवाल, नरेंद्र राठी, मुकेश गुप्ता, संजय साहू, मनोज गुप्ता भंवर तिवारी विवाह गुप्ता शांति सिंह अर्जित शुक्ला श्याम सुंदर खंडेलवाल प्रेमचंद चन्द्राकर जयप्रकाश साहू ज्ञान सिंह राजू दुबे सुजीत पप्पू रूंगटा दिलीप गुप्ता अश्विन ढीमर विकास पुरोहित दिनेश शर्मा भरत सिन्हा उपस्थित रहे।

ऋषभ ग्रीन सिटी फुलगांव वार्ड 55 में श्री राम नवमी के अवसर पर पूजा अर्चना, ज्योत विसर्जन और भंडारा प्रसादी में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू शामिल हुए और भंडारा की प्रसादी ली। इस दौरान विकास राठी जितेन जैन सतबीर शर्मा संजू राठी भागीरथी चक्रधारी किशोर जैन जीतू राठी भूपेन चंद्राकर मनोज गुप्ता नितिन अग्रवाल विजय तापड़िया विजू राठी देवेंद्र अग्रवाल ललिता तापड़िया उपस्थित थे।

### ज्योति कलश व कन्या भोज में हुए शामिल

दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू आज चैत्र नवरात्र पर्व नवमी के अवसर पर श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर पहुँचकर माँ दुर्गा के दर्शन किये और मंदिर समिति द्वारा आयोजित कन्या पूजन व कन्याभोज में शामिल हुए। साथ ही चंडी मंदिर दुर्ग की ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा में उपस्थित रहे। राजेंद्र ने माता चंडी की पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी जय महाराज ने माता की चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान समिति के गिरधर शर्मा उपस्थित रहे।

## तोपचांची प्रखंड के अन्तर्गत ढांगी जोडा मंदिर में रामनवमी का आयोजन बडी ही धूमधाम से मनाया गया

(न्यूज12 भारत)

तोपचांचीः तोपचांची प्रखंड के अन्तर्गत टुण्डी विधानसभा के ढांगी पंचायत स्थित जोड़ा मंदिर में राम जन्मोत्सव की धूम रही साथ ही रामनवमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में राम भक्तों का सुबह से ही तांता लगा हुआ है आचार्य विश्वनाथ पाठक ने सुबह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण किये । साथ ही मंदिर में झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सह नवाह्नपरायण मानस यज्ञ की पूर्णाहुति भी कि गई पूर्णाहुति के बाद महा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, गिरिडीह से एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, शेखर सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने मंदिर पहुंच कर मत्था टेका।



झारखंड जनहित मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कहा कि मंदिर में राम जन्मोत्सव पिछले 56 वर्षों से धूमधाम से मनाया जा रहा है।माना पठाक ने कहा कि पिछले 56 वर्ष पहले उनके पिता आचार्य विश्वनाथ पाठक को हनुमान जी का दर्शन हुआ था। जिसमें उन्हें मंदिर निर्माण का संदेश मिला । मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच दिव्य माता बालक तथा नारी शक्ति तथा शिव शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, निरसा के तत्वावधान में पंचायत भवन वीर सिंहपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, दिव्य-माता बालक तथा नारी-शक्ति शिव शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अवंतिका, ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन तथा आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका, सहिया उपस्थित थे। डॉ अवंतिका द्वारा ग्रामीण महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया और साथ में दिव्य-माता बालक विषय पर ज्ञान चर्चा की गई। बताया कि शुद्ध, सात्विक आहार, तथा शांत, सकारात्मक, शक्तिशाली और खुशी के विचारों से बच्चा और माँ दोनों स्वस्थ और खुशहाल होंगे।



ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन द्वारा सहज राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान द्वारा अपने भीतर निहित गुणों और शक्तियों को जागृत कर अपने भीतर के दुर्गुणों का नाश करने की सहज विधि की जानकारी दी गई। साथ ही नवरात्रि के अवसर पर सहज राजयोग द्वारा अपने भीतर अष्ट शक्तियों तथा आत्मा में निहित गुणों को फिर से भरपूर करने की विधि राजयोग मेडिटेशन द्वारा कराई गई। यह राजयोग मेडिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे सिर्फ नारी ही नहीं बल्कि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में हर दिन इसके अभ्यास से अपने जीवन के नित्य कर्म में आने वाली हर विघ्नों से अपनी और अपने परिवार की रक्षा कर सकता है।अनावश्यक चिंता, तनाव तथा सभी विषय विकार और दुर्गुणों से अपने परिवार की रक्षा कर सकता है। इस इस ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग का भरपूर लाभ हर कोई अपने जीवन में ले सकता है। संजय, अमर, राजेश,भोला भाई और संगीता बहन ने विशेष सहयोग दिया |

## श्री श्री महावीर मंदिर कमिटी कांड्रा बाजार में रामनवमी को लेकर हनुमान मंदिर में हुई विशेष पूजा

(न्यूज12 भारत)

गम्हरियाः सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत कांड्रा में रामनवमी को लेकर में भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है. कांड्रा के मुख्य हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया. यहां सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लग रही है. श्रद्धालु काफी संख्या में पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंच रहे हैं. श्रद्धालुओं ने कांड्रा बाजार हनुमान मंदिर में जयकारे के साथ महावीर झंडा लगाया. वही श्री श्री महावीर मंदिर कमिटी कांड्रा बाजार के अध्यक्ष द्वारा कमेटी के सदस्यों को गमछा देकर सम्मानित किया गया । मौके पर अध्यक्ष विनोद रजक ने बताया कि कल मंदिर के प्रांगण से भव्य अखाड़ा निकाला जाएगा जो कांड्रा हनुमान मंदिर से कांड्रा चौक के लिए प्रस्थान करेगी अध्यक्ष विनोद रजक ने बताया मंदिर परिसर से झांकी भी निकाली जाएगी जो आकर्षक का केंद्र होगी उन्होंने कहा की भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से आचार संहिता को देखते कल अखाड़ा निकाला जाएगा। इस वहीं अध्यक्ष विनोद रजक, सचिव विजय कुमार साहू, केशियर देवनाथ साव एवं संजय साव एवम् मुख्य संरक्षक होनी सिंह मुंडा,सदस्यों में मुख्य रूप से छोटे प्रसाद, अतुल सुक्ला, विकाश दास,बादल दास,सूरज दत्ता, अमरदीप नंदी,बादल दास, दिपक रजक,विकाश बर्मन, अमित कुमार साव,राहुल साव, जाफर,सूरज घोष,राहुल गुप्ता द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है|

